**Post Graduate Institute of Veterinary Education and Research (PGIVER)**
*(A Centre of Excellence for Higher Veterinary Education)*
*(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences)*
*N.H.-11, Agra Road, Jamdoli, Jaipur – 302031*
।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।
*E-mail: pgiverjaipur@gmail.com*
*Ph. No.: 0141-2681211*

*F.6 ( ) /PGIVER/Purch/2023-24/* 3719 *Date:* 24.01.24

## बोली सूचना–03 / 2023–24

पी.जी.आई.वी.ई.आर, जामडोली जयपुर के डेयरी फार्म पर दैनिक प्रातः एवं सांय निर्धारित समय पर भैंस का दूध विक्रय की वार्षिक दर संविदा हेतु मोहर बन्द बोलीयॉ आमन्त्रित की जाती है। बोली शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org एवं स्टेट पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in देखी / प्राप्त की जा सकती है। भैंस दूध की अधिकतम दर की बोली स्वीकृत की जावेगी।

| क्र.स. | विवरण | दूध की दैनिक अनुमानित मात्रा | वार्षिक अनुमानित राशि | बोली प्रतिभुति राशि (अनुमानित राशि का 2%) | आवेदन शुल्क | बोली प्राप्त होने की अन्तिम तिथी तथा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भैंस का दूध | 40 किलोग्राम प्रति दिन | 8.00 लाख | 16000 | रू. 500 | 03.02.2024 सांय 03.00 बजे तक प्राप्त कर 05.02.2024 सुबह 11.30 बजे खोली जावेगी |

अधिष्ठाता पीजीआईवीईआर, जयपुर के पास बोलीओं को स्वीकृत एवं निरस्त करने के पूर्ण अधिकार होगा।

24/01/2024
**अधिष्ठाता**

**Post Graduate Institute of Veterinary Education and Research (PGIVER)**
*(A Centre of Excellence for Higher Veterinary Education)*
*(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences)*
*N.H.-11, Agra Road, Jamdoli, Jaipur – 302031*
।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।
DEAN
*E-mail: pgiverjaipur@gmail.com*
*Ph. No.: 0141-2681211*

*F.6 ( ) /PGIVER/Purch/2023-24/* *Date:*

# दूध विक्रय की खुली बोली संख्या 03/2023–24

बोली आवेदन प्रपत्र संख्या........
आवेदन शुल्कः 500

## भैंस के दूध विक्रय की वार्षिक दर संविदा हेतु बोली

भैंस का दूध विक्रय की बोली मात्रा व अन्य विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.स. | दूध का प्रकार | दूध की दैनिक अनुमानित मात्रा | वार्षिक अनुमानित राशि | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्राप्त होने व खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भैंस का दूध | 40 किलोग्राम | 8.00 लाख | 16000/– | 03.02.2024 सांय 03.00 बजे तक प्राप्त कर 05.02.2024 सुबह 11.30 बजे खोली जावेगी |

### संविदा हेतु बोली की शर्ते

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रवधानों के अध्यधीन बोली आंमत्रित की जा रही है।
2. पीजीआईवीईआर, संस्थान के LFC अन्तर्गत डेयरी फार्म पर दैनिक औसत 40 किलोग्राम प्रतिदिन का उत्पादन रहता है एवं पूरे एक वर्ष में अनुमानित 14600 प्रति किलोग्राम भैंस दूध के उत्पादन की संभावना है।
3. भैंस दूध की संस्थानिक प्रारम्भिक/आधारभुत दर रू. 54/– प्रति किलोग्राम है जिससे कम दर की बोली स्वीकृार नहीं होगी।
4. दूध का उत्पादन वर्ष भर समान नहीं रहता वर्तमान मे दैनिक 40 किलोग्राम भैंस का दूध उपलब्ध हो रहा है। अतः जितना उत्पादन होगा उनमें से पीजीआईवीईआर, जयपुर द्वारा अनुसंधान कार्य एवं अन्य कार्य हेतु दूध लेने के बाद शेष दूध ही सफल बोलीदाता को दिया जायेगा, इस पर बोलीदादाता को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।
5. मौसम अनुरूप दैनिक औसत उत्पादन में कमी या बढोतरी की संभावना बनी रहती है, दरे इसको दृष्टिगत रखते हुए दरे प्रस्तुत करनी होगी।

6. आवेदन प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.rajuvas.org व Sppp. पोर्टल वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in से डाउनलोड कर भरा जा सकता है। वेबसाईट से प्राप्त आवेदन पत्र के साथ बोली शुल्क राशि रू. 500/– का डी.डी. डीन, पी.जी.आई.वी.ई.आर, जयपुर के नाम से संलग्न करना होगा।

7. बोलीदाता को बोली शुल्क, प्रतिभूति राशि और बोली सम्पादन प्रतिभूति राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट (In favour of DEAN, PGIVER, Jaipur.) के द्वारा ही जमा करानी होगी, नगद राशि स्वीकार नहीं की जावेगी।

8. बोली मे सबसे अधिक प्राप्त दर को स्वीकृत किया जावेगा। दरें समुचित नहीं आने पर निगोसिएशन कराया जा सकेगा। बोली स्वीकृत/ निरस्त करने के समस्त अधिकार अधिष्ठाता पीजीआईवीईआर के होगे। जिसमें बोलीदाता को कोई आपति नहीं होगी।

9. बोलीदाता द्वारा अनुबन्ध को किसी अन्य पक्ष को **सबलेट** नही किया जायेगा।

10. दूध का विक्रय किलों के आधार पर किया जावेगा। अतः बोली मे दर प्रतिकिलो ही अंकित की जावें।

11. दूध विक्रय की बोली 1 वर्ष के लिए कार्यालय आदेश जारी होने की तिथी से प्रभावी होगी। जिसे पारस्परिक सहमती से 6 माह तक बढ़ाया जा सकता है।

12. अनुबंध के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से सम्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में दुग्ध के अनुमानित वार्षिक मूल्य का 5 प्रतिशत राशि डीन, पीजीआईवीईआर, जयपुर की स्वीकृति बाद एवं दूध उठाने से पूर्व जमा कराना आवश्यक होगा। पूर्व में जमा प्रतिभूति राशि कों समायोजित कर शेष अन्तर राशि बोली सम्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में जाम करानी होगी। जमा बोली प्रतिभूति सम्पादन राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा तथा अनुबंध की अवधि समाप्ति के बाद अदेय प्रमाण पत्र/ संतोषप्रद कार्य निष्पादन के आधार पर लौटाई जा सकेगी।

13. सफल बोलीदाता को स्वीकृति आदेश जारी करने के उपरान्त रू. 500/– (पॉच सौ रूपये) के नोन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर डीन, पीजीआईवीईआर, जयपुर के पक्ष में अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा।

14. स्वीकृति आदेश मिलने के पश्चात् अनुबंध सम्पादित कर बोली सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराने की दिनांक के दूसरे दिन प्रातः से डीन, पीजीआईवीईआर, जयपुर से स्वीकृत दर पर अनुबंध अवधि में प्रतिदिन दोनों समय (निर्धारित समय अनुसार) केवल नगद भुगतान पर दूध उठाना प्रारंभ करना अनिवार्य होगा, अर्थात दूध निकालने के आधा घन्टे में दूध उठाना होगा अन्यथा देरी से दूध खराब होने की जिम्मेदारी संवेदक की होगी। दूध ठंडा करने की कोई सुविधा संस्थान द्वारा देय नही होगी।

15. सफल बोलीदाता यदि बोली शर्ते तथा नियमों के अनुसार 6 बार तक या 3 दिन तक दूध उठाने में असमर्थ रहता है तो दूध विक्रय का ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी तथा जमा की हुई बोली सम्पदान प्रतिभूति राशि पीजीआईवीईआर, जयपुर के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व बोलीदाता का होगा एवं बोलीदाता कोई ऐतराज नहीं कर सकेगा।

16. यदि निर्धारित समय पर सफल बोलीदाता द्वारा दूध नहीं उठाया जाता है तो संस्थान/विभाग दूध निस्तारण के लिए स्वतत्रं होगा। ऐसी परिस्थिति में यदि निर्धारित मूल्य से कम आय प्राप्त होती है तो अन्तर की राशि बोलीदाता को वहन करनी होगी और उसे अन्तर राशि अविलम्ब जमा करानी होगी, अन्यथा बोली सम्पादन प्रतिभूति राशि मे से काट ली जावेगी। **राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रवधानों के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।**

**बोलीदादाता के हस्ताक्षर**

17. दुग्ध उठाने से पूर्व दूध गुणवत्ता की जॉच की जिम्मेदारी संवेदक की होगी। दूध उठाने के पश्चात् दूध की गुणवत्ता के संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

18. सफल बोलीदाता केन्द्र परिसर में बाहर का दूध नहीं लावेगा व न ही केन्द्र द्वारा आपूर्ति किये गये दूध मे केन्द्र परिसर में कोई मिलावट करेगा।

19. दूसरे नम्बर की उच्चतम दर वाले बोलीदाता की बोली प्रतिभूति राशि प्रभावी दिनांक से 1 माह तक कार्यालय में जमा रखी जायेगी, जिस पर किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा।

20. बोली प्रपत्र के समस्त पृष्ठों एवं संलग्न दस्तावेजो पर स्याही से बोलीदाता के हस्ताक्षर अनिवार्य है। बोली प्रपत्र में दूध की प्रस्तावित दर अंको व शब्दों में पृथक–पृथक अंकित की जावे, अंको व शब्दों में अन्तर होने पर अधिकतम दर को सही माना जायेगा।

21. बोली में प्रस्तावित दर के अलावा किसी भी प्रकार के कर अथवा लेवी का भुगतान यदि हो तो बोलीदाता को अतिरिक्त करना होगा।

22. संवेदक को पहचान साक्ष्य के लिए आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित फोटो प्रति बोली के साथ संलग्न करनी होगी।

23. बोली प्रपत्र लिफाफे में रखकर सील्ड किये जावें। लिफाफे पर दूध विक्रय की बोली एवं डीन, पीजीआईवीईआर जयपुर तथा स्वंय का नाम पता अंकित कर जमा करावें।

24. विलम्ब से प्राप्त बोली पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

25. बोली को बिना कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार डीन, पीजीआईवीईआर, जयपुर के पास सुरक्षित है।

26. अपीलः– RTPP नियम–2013 के अनुसार अपीलकर्ता यहॉ निम्न प्रकार से अपील कर सकता है। किसी भी स्थिति में अपील का शुल्क / फीस रिफन्डेबल नही होगी।

    i. प्रथम अपील प्राधिकारी– (शुल्क रू 2500/– का भुगतान करके ) वितनियंत्रक, राजुवास, बीकानेर।

    ii. द्वितीय अपील प्राधिकारी– (शुल्क रू. 10000/– का भुगतान करके ) कुलपति, राजुवास बीकानेर।

27. बोली में बोलीदाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी। सभी विवादों के लिये न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।

28. किसी भी प्रकार के विवाद में डीन, पीजीआईवीईआर, का अंतिम निर्णय सभी को मान्य होगा।

**बोलीदादाता के हस्ताक्षर**

उपरोक्त सभी शर्ते मैंने पढ़ ली है व मंजूर है।

**बोलीदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर एवं**

**मोबाईल नं.** ..................................................

**दिनांकः** ...............................

# संवेदक द्वारा घोषणा

**( संवेदक द्वारा यह धोषणा रू. 100 के नॉन ज्युडिशयल स्टॉम्प पेपर पर की जानी है)**

अधिष्ठाता, पीजीआईवीईआर, जयपुर, द्वारा डेयरी फार्म में उपलब्ध दूध विक्रय की बोली संख्या. F.6 ( )/PGIVER/Purch/2023-24/.......... दिनांक.......................... के क्रम में मै.......................... .................(नाम संवेदक) शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि

1. मै बोलीदादाता की सभी शर्तो, सामान्य वित्तीय एवं लेखानियमो एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु सहमत हूँ
2. मुझे राज्य सरकार /स्वशायी संस्थाओं/ राजुवास विश्वविधालय द्वारा गत 5 वर्षो में किसी भी बोलीदादाता से डिबार/ब्लैक लिस्टेड नही किया गया है।
3. बोली मे दी गई सूचना मेरी जानकारी एवम् विश्वास के अनुसार पूर्णरूप से सत्य है।

**बोलीदादाता के हस्ताक्षर**

**नाम** ..................................................................

**पता**..................................................................

**मोबाईल नं.** ....................................................

Chandrashekhar

# बोलीदादाता प्रपत्र

1. खुली बोलीः भैंस के दूध का विक्रय की वार्षिक दर संविदा

2. बोलीदादाता का नाम मय पता.................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

मोबाईल नं.:......................................

3. संदर्भः खुली बोली सूचना 03/2023–24 खुली बोली

4. बोली शुल्क राशि 500/– बैंकर चैक/डी.डी. संख्या ......................................... दिनांक ..........................

बैंक का नाम ..................................................................................................................................

5. बोली प्रतिभुति राशि ............/– बैंकर चैक/डी.डी. संख्या .................................... दिनांक ........................

बैंक का नाम ..................................................................................................................................

6. मैं पीजीआईवीईआर, द्वारा दी गई समस्त शर्तो से सहमत हूँ एवं मैंने समस्त शर्तो की सहमती हेतु बोली के सभी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर कर दिये है।

7. दूध विक्रय की दर प्रति किलो निम्नानुसार है (दर में कांट छांट ओवर राईटिंग नही की जावें)

| विवरण | दर प्रति किलो रूपये में | |
|---|---|---|
| | अंको में | शब्दों मे |
| **भैंस का दूध** | | |
| **नोटः– भैंस दूध की दर रूपये 54/– से कम स्वीकार नहीं की जावेगी।** | | |

सलंग्नः उपरोक्तानुसार बोली शुल्क एवं बोली प्रतिभुति

बैंकर चैक/डी.डी. संख्या ..................................................

दिनांक ........................................

**भवदीय**

**बोलीदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर**